
Online Test Generator
(Only For Teachers)

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित

# व्याकरण वैभव

## हिंदी व्याकरण एवं रचना



2

हेल्प लाइन

# 1 हमारी भाषा

(Our Language)




यहाँ माँ बच्चों से कुछ पूछ रही है।




यहाँ अध्यापिका कुछ लिख रही हैं। बच्चे उसे पढ़ रहे हैं।

इस तरह आपने देखा–

हम अपनी बात बोलकर या लिखकर दूसरों तक पहुँचा सकते हैं।

दूसरे सुनकर या पढ़कर हमारी बात समझ सकते हैं।

**अपनी बात दूसरों तक पहुँचाने और दूसरों की बात समझने का साधन भाषा है।**

भारत में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं।

मैं पंजाबी बोलता हूँ।



पंजाब

मैं मराठी बोलता हूँ।



महाराष्ट्र

मैं बांग्ला बोलता हूँ।



पश्चिम बंगाल

मैं तमिल बोलती हूँ।



तमिलनाडु

मैं मलयालम बोलता हूँ।



केरल

मैं हिंदी बोलती हूँ।



उत्तर प्रदेश

हिंदी भाषा बहुत से राज्यों में बोली जाती है। हिंदी हमारी राजभाषा है। प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।

## जानने की बात

- अपनी बात दूसरों तक पहुँचाने और दूसरों की बात समझने का साधन भाषा है।
- हमारे देश में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं।
- हिंदी हमारी राजभाषा है।

# करने की बारी

Worksheet-1

1. सही उत्तर पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–

(क) हम अपनी बात दूसरों तक किस तरह पहुँचा सकते हैं?

बोलकर ◯ दौड़कर ◯ उड़कर ◯

(ख) हमारे देश में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा कौन-सी है?

पंजाबी ◯ हिंदी ◯ तमिल ◯

(ग) राजभाषा किस भाषा को कहा जाता है?

मराठी को ◯ गुजराती को ◯ हिंदी को ◯

2. चित्रों में भाषा का कौन-सा रूप प्रयोग हो रहा है? शब्दों का चित्रों से मिलान कीजिए–





सुनकर

बोलकर

पढ़कर

लिखकर





V-2

## आओ सीखें खेल-खेल में

रचनात्मक कार्य

1. हिंदी और अंग्रेज़ी समाचार पत्रों से कतरन काटकर नीचे दिए गए स्थान पर चिपकाइए।

| हिंदी भाषा | अंग्रेज़ी भाषा |
| --- | --- |
| | |

2. चित्रों के नाम बोलकर गुनगुनाइए-

 है जल की रानी

जीवन है उसका 

रंग-बिरंगी 

इधर-उधर उछली।



3. शब्दों में रंग भरिए-

हिंदी मेरी राजभाषा



# 2 वर्णमाला (Alphabet)

बच्चो! आपने सीखा कि हिंदी हमारी राजभाषा है।
हिंदी भाषा की अपनी वर्णमाला है। इसमें स्वर और व्यंजन हैं।

## स्वर

हिंदी में ग्यारह (11) स्वर होते हैं।

अ आ इ ई उ ऊ ऋ

ए ऐ ओ औ

## व्यंजन

हिंदी में तैंतीस (33) व्यंजन होते हैं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |
| य | र | ल | व | |
| श | ष | स | ह | |



क्रम से लिखे गए वर्णों के समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।

### इन्हें भी जानें

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अनुस्वार | – | ं | | अनुनासिक | – | ँ |
| विसर्ग | – | : | | ऑ का चिह्न | – | ॅ |
| संयुक्त व्यंजन | – | क्ष | त्र | ज्ञ | श्र | |
| नुकता | – | ़ | ज़ | फ़ | | |

## जानने की बारी

- वर्ण दो तरह के होते हैं– स्वर और व्यंजन।
- क्रम से लिखे गए वर्णों के समूह को वर्णमाला कहते हैं।

## करने की बारी

Worksheet–2

1. सही उत्तर पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–

(क) इनमें से कौन-सा स्वर है?

आ ◯ च ◯ ङ ◯

(ख) स्वरों की संख्या कितनी है?

पाँच ◯ ग्यारह ◯ पंद्रह ◯

(ग) व्यंजनों की संख्या कितनी है?

पंद्रह ◯ तैंतीस ◯ ग्यारह ◯

2. स्वर लिखिए–

अ ........... ........... ...........

........... ........... ........... ...........

........... ........... ...........

3. व्यंजन लिखिए–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | च | ट | त | प |
| .......... | .......... | .......... | .......... | .......... |
| .......... | ज | .......... | द | .......... |
| घ | .......... | .......... | .......... | भ |
| .......... | .......... | ण | .......... | .......... |

4. दिए गए वर्णों में से स्वर एवं व्यंजन छाँटकर क्रम से लिखिए–

ऋ द ठ औ स ए ध ई ओ न ल उ


**स्वर**

____ ____
____ ____
____ ____


**व्यंजन**

____ ____
____ ____
____ ____

5. चित्र का नाम बोलकर उसकी पहली आवाज़ का वर्ण लिखिए–




6. सही व्यंजन लगाकर सीढ़ी पूरी कीजिए–




## आओ सीखें खेल-खेल में

रचनात्मक कार्य

1. स्वरों को मिलाकर चित्र पूरा कीजिए और उसमें रंग भरिए–



3. गा-गाकर सीखिए–















अ से अनार रोज एक खाओ,

आ से आम से सेहत बनाओ।

इ से इमली खट्टी लगती,

ई से ईख है मीठी लगती।

उ से उल्लू रात में जागे,

ऊ से ऊँट है दौड़े आगे।

ए से एड़ी रखो साफ़,

ऐ से ऐनक पहनो आप।

ओ से ओखली कूटो-पीसो,

औ से औरत से कुछ सीखो।

ऋ से ऋषि बात सच कहते,

तप करते और वन में रहते।

अं से अंगूर जब घर में आते,

बच्चे, बूढ़े सभी हैं खाते

अः तो बच्चो होता खाली,

चलो बजाएँ मिलकर ताली।



# 3

## मात्राएँ
(Vowel Symbols)

सभी स्वरों की मात्राएँ होती हैं।


| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वर– | अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ | ए | ऐ | ओ | औ |
| मात्राएँ– | × | ा | ि | ी | ु | ू | ृ | े | ै | ो | ौ |


व्यंजनों में मात्राएँ लगाकर शब्द बनाए जाते हैं।

### मात्राओं का प्रयोग–

क् + अ = क – कमल  क् + आ = का – कार 

क् + इ = कि – किताब  क् + ई = की – कील 

क् + उ = कु – कुरता  क् + ऊ = कू – कूलर 

क् + ए = के – केला  क् + ऐ = कै – कैमरा 

क् + ओ = को – कोयल  क् + औ = कौ – कौआ 

**संकेत**

बच्चों को बताएँ कि (अ) की कोई मात्रा नहीं होती। लेकिन किसी भी व्यंजन को बोलने के लिए (अ) स्वर की सहायता लेनी पड़ती है। यह प्रत्येक व्यंजन में छिपा होता है।

दसखड़ी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | का | कि | की | कु | कू | के | कै | को | कौ |
| प | पा | पि | पी | पु | पू | पे | पै | पो | पौ |

*इन्हें भी जानें*

र के साथ 'उ' और 'ऊ' की मात्रा ऐसे लगाई जाती हैं–

र् + उ = रु – रुपया      र् + ऊ = रू – रूपा

## शब्द

वर्णों को सही क्रम में जोड़कर शब्द बनाए जाते हैं। हर एक शब्द का अर्थ होता है।

जैसे–



क + म + ल = कमल



क + ल + म = कलम

यहाँ क, म और ल व्यंजन वर्णों को जोड़कर 'कमल' और 'कलम' बनाए गए हैं। इनके निश्चित अर्थ हैं। इसलिए ये शब्द हैं।

अगर क, म और ल को सही क्रम में नहीं जोड़ा जाता तो उनका कोई अर्थ नहीं होता। जैसे– म + क + ल = मकल → यह शब्द नहीं है।

### जानने की बात

* 'अ' को छोड़कर सभी स्वरों की मात्राएँ होती हैं।
* व्यंजनों में मात्राएँ लगाकर शब्द बनाए जाते हैं।
* वर्णों को सही क्रम में जोड़कर शब्द बनाए जाते हैं।
* शब्द का कोई-न-कोई अर्थ होता है।



## करने की बारी

Worksheet-2

1. **सही उत्तर पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

(क) कौन-से स्वर की कोई मात्रा नहीं होती है?

अ की ◯ आ की ◯ इ की ◯

(ख) कौन-से शब्द में 'ऊ' की मात्रा लगी है?

चुप ◯ यमुना ◯ सूरज ◯

(ग) इनमें से कौन-से शब्द का अर्थ नहीं है?

मगर ◯ मरग ◯ गरम ◯

2. **सही मात्रा लगाकर शब्द पूरे कीजिए–**



म..ल..



..च..ड़या



हाथ..



कछआ



चहा



कला



बल



म..र



ल..की

3. शब्द बनाइए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| ब + र + त + न = बरतन | | आ + का + श = ____ | |
| बं + द + र = ____ | | गु + ला + ब = ____ | |
| रे + ल + गा + ड़ी = ____ | | पू + र + ब = ____ | |
| जा + मु + न = ____ | | सै + नि + क = ____ | |

4. नीचे दी गई मात्राओं के दो-दो शब्द लिखिए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आ | काम | नाम | ऋ | ____ | ____ |
| इ | ____ | ____ | ए | ____ | ____ |
| ई | ____ | ____ | ऐ | ____ | ____ |
| उ | ____ | ____ | ओ | ____ | ____ |
| ऊ | ____ | ____ | औ | ____ | ____ |



## आओ सीखें खेल-खेल में

रचनात्मक कार्य

1. नीचे दी गई वर्ग-पहेली में से दी गई मात्रा वाले शब्द खोजकर लिखिए–

आ की मात्रा वाला शब्द: छाता

इ की मात्रा वाला शब्द: ____

ई की मात्रा वाला शब्द: ____

उ की मात्रा वाला शब्द: ____

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दि | न | दी | चा | प | दी |
| फू | ल | छा | ता | ना | वा |
| सा | बु | ल | बु | ल | ली |
| पु | क | को | य | ल | पी |
| दौ | ड़ | शे | र | रो | लु |

ऊ की मात्रा वाला शब्द: ____


ए की मात्रा वाला शब्द: ____

ओ की मात्रा वाला शब्द: ____

औ की मात्रा वाला शब्द: ____

2. अंत्याक्षरी का खेल–

अब तक तो तुमने बहुत सारे शब्द सीख लिए होंगे। आओ शब्दों की अंत्याक्षरी खेलें। देखें तुम कितने शब्द बना पाते हो। शुरुआत हम कर देते हैं–




3. कौन जीता, कौन हारा–

यह खेल अपने मित्रों के साथ खेलो। एक गोटी नीचे दिए गए खानों में बारी-बारी फेंको। अगर गोटी छत्ते पर आए तो दो नंबर (number) और अगर मधुमक्खी पर आए तो कोई नंबर नहीं। अगर गोटी किसी अक्षर पर आती है तो उससे एक शब्द बनाओ। शब्द बनाने पर दो नंबर मिलेंगे और शब्द न बनाने पर एक नंबर कटेगा। अंत में नंबर गिनो। अधिक नंबर पाने वाला विजेता होगा।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चा |  | सी |  | कि |
|  | रु |  | फू |  |
| पै |  | रो |  | औ |
|  | के |  | म |  |

